CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

वर्ष- 27 अंक- 318 रायपुर, गुरुवार 12 दिसम्बर 2024 पृष्ठ-8 मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## अबूझमाड़ में फोर्स ने 7 नक्सलियों को किया ढेर



**नारायणपुर,** 12 दिसम्बर (हाईवे चैनल)। नारायणपुर जिले में दक्षिण अबूझमाड़ में गुरुवार सुबह नक्सलियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ में अब तक सात नक्सली ढेर कर दिए गए हैं। पुलिस को सात नक्सलियों के शव मिल चुके हैं। मुठभेड़ में सेंट्रल कमेटी स्तर के नक्सली के मारे जाने की सूचना आ रही है। तड़के तीन बजे से रुक-रुक कर गोलीबारी हो रही है।

पुलिस के अनुसार, नक्सल विरोधी सर्च अभियान में मंगलवार को नारायणपुर, दंतेवाड़ा, जगदलपुर, कोंडागांव जिले की डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के साथ स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) तथा सेंट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स (सीआरपीएफ) की संयुक्त पार्टी दक्षिण अबूझमाड़ क्षेत्र में रवाना हुई थी। एसपी प्रभात कुमार ने कहा है कि क्षेत्र में सर्च अभियान जारी है।

आपको बता दें कि छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित दंतेवाड़ा सीमा से लगे अबूझमाड़ के ओरछा ब्लॉक के रेकावाया और हितुल के जंगलों में सुरक्षाबलों और नक्सलियों की बड़ी मुठभेड़ चल रही है। सुबह 3 बजे से 4 जिलों का संयुक्त नक्सल ऑपरेशन चल रहा है। नारायणपुर और दंतेवाड़ा एसपी ने मुठभेड़ की पुष्टि की है। बताया गया कि दक्षिण अबूझमाड़ में 50 से 60 इंद्रावती एरिया कमेटी के नक्सलियों के होने की सूचना मिली थी।

## एक साल का कार्यकाल पूर्ण होने पर मुख्यमंत्री ने किया विष्णु की पाती का विमोचन



**रायपुर,** 12 दिसम्बर (हाईवे चैनल)।। प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार के एक साल के कार्यकाल की उपलब्धियों को बताते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 'विष्णु की पाती' नाम से जनता के लिए संदेश जारी किया है. इस दौरान भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंह देव के अलावा उप मुख्यमंत्री द्वय अरुण साव, विजय शर्मा सहित मंत्रिमंडल के तमाम सदस्य मौजूद हैं. मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि सरकार के एक वर्ष पूरे होने पर मैं अपने मंत्रिमंडल के सभी साथियों को बधाई देता हूँ.

संगठन के सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं को बधाई देता. जनता का आभार जताता हूँ, जिन्होंने ऐतिहासिक जनादेश देकर हमें छत्तीसगढ़ महतारी की सेवा का अवसर दिया है. इस एक साल को हमने विश्वास का साल दिया है उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार में अविश्वास का माहौल था. लोकतंत्र पर खतरा मंडरा गया था. लेकिन हमारी सरकार में लोकतंत्र को कायम करने, संविधान की रक्षा करने का काम किया है. मोदी की गांरटी में जो हमने वादें किये थे, उसे हमने एक साल में पूरा करने का सौभाग्य प्राप्त किया है. एक साल में सुशासन की सरकार जनता के सामने हमने पेश किया है. भ्रष्टाचार पर लगाम, गुनहगारों पर कार्रवाई, किसानों के साथ न्याय, धान का कटोरा भरा हुआ है, महतारियों का वंदन, गरीबों को पीएम आवास, पीएससी के युवाओं के साथ न्याय यह सब हमारी सरकार के एक साल में हुआ है.

### ब्रेकिंग न्यूज

## दुष्कर्म पीड़िता के परिवार से मिले कांग्रेस नेता राहुल गांधी



**नई दिल्ली,** 12 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले के दौरे पर रहे। राहुल गांधी ने दुष्कर्म पीड़िता के परिवार से गांव बुलगढ़ी में मुलाकात की। राहुल गांधी ने दुष्कर्म पीड़िता के परिवार से बंद कमरे में काफी देर तक बातचीत की। इसके बाद वह हाथरस से निकल गए। जानकारी सामने आई है कि पीड़ित परिवार ने राहुल गांधी से एसडीएम की शिकायत की है। शिकायत के बाद राहुल गांधी ने एसडीएम को तलब किया, लेकिन एसडीएम नहीं आए। इसके बाद एसडीएम को फोन मिलाकर बात कराई इसके बाद राहुल पीड़ित परिवार से मिलकर हाथरस से निकल गए। इस दौरान राहुल गांधी ने मीडिया से कोई बात नहीं की। जिस समय पीड़ित परिवार से राहुल गांधी मिले, उस दौरान किसी को अंदर नहीं जाने दिया गया। इससे पहले, राहुल के हाथरस दौरे पर यूपी के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने हमला बोला था। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी लोगों को भड़काना चाहते हैं।

## घबराहट में राज कपूर की बेटी से हुई बड़ी गलती तो पीएम मोदी ने तुरंत कहा- कट!



**नई दिल्ली,** 12 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। पीएम मोदी ने राज कपूर की शताब्दी के अवसर पर उनकी सिनेमाई विरासत का जश्न मनाने के लिए मंगलवार को नई दिल्ली में कपूर परिवार से मुलाकात की। इस मुलाकात के कुछ खास पलों को पीएमओ ने जारी किया है। वीडियो में पीएम मोदी को कपूर परिवार से राज कपूर और भारतीय सिनेमा में उनके अपार योगदान के बारे में बात करते देखा जा सकता है। हालांकि, मुलाकात का सबसे मजेदार पल तब आया जब पीएम मोदी ने मजाकिया अंदाज में %कट!% कहा, जब रीमा जैन (राज कपूर की बेटी) ने उनसे बात करना शुरू किया। यह सब तब शुरू हुआ जब रीमा जैन ने पीएम मोदी से बातचीत शुरू की और उन्हें संबोधित करते समय अपने शब्दों को लेकर संघर्ष करती नजर आईं। जैसे ही उन्होंने %आदरनीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी% से अपनी बात शुरू करने की कोशिश की, पीएम मोदी ने तुरंत %कट!% कह दिया, जिससे सभी हंस पड़े। प्रधानमंत्री ने कपूर परिवार से राज कपूर के बारे में एक फिल्म बनाने को कहा, खास तौर पर मध्य एशिया के लिए, जो इतने सालों बाद भी लोगों के जेहन में है।

## एलन मस्क की कुल संपत्ति 400 अरब डॉलर के पार



**नई दिल्ली,** 12 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। एलन मस्क की कुल संपत्ति 400 अरब डॉलर के पार पहुंच गई है। इसके साथ ही 400 अरब डॉलर की कुल संपत्ति का आंकड़ा पार करने वाले मस्क दुनिया के पहले अरबपति बन गए हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप की जीत के बाद से मस्क की संपत्ति में जबरदस्त उछाल आया है। मस्क के निजी स्वामित्व वाली कंपनी स्पेसएक्स के शेयरों की हुई इनसाइडर बिक्री के चलते मस्क की संपत्ति में उछाल आया है और मस्क की संपत्ति 50 अरब डॉलर बढ़कर 400 अरब डॉलर के पार पहुंच गई है। मस्क की कंपनी टेस्ला इंक के शेयर भी बुधवार को सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गए, जिससे मस्क की कुल संपत्ति 447 अरब डॉलर हो गई है। मस्क की संपत्ति में एक दिन में 62.8 अरब डॉलर की वृद्धि रिकॉर्ड की गई। इसके बाद दुनिया के सबसे अमीर 500 लोगों की संयुक्त संपत्ति 10 खरब डॉलर से पहुंच गई है ।

## सुकमा में एनआईए की छापेमारी, नक्सल मामले से जुड़े तार



**सुकमा,** 12 दिसंबर (हाईवे चैनल)। राष्ट्रीय जांच एजेंसी की टीम ने आज सुबह छत्तीसगढ़ के सुकमा में दो लोगों के घरों पर छापा मारते हुए बड़ा एक्शन लिया है. सुकमा के साथ साथ उड़ीसा के मल्कानगिरी में भी एनआईए में छापा मारा है. कोन्टा से लगे उड़ीसा के मोटू इलाके के अनंतपल्ली गांव में भी जारी है एनआईए की छापेमारी. सुकमा में दो जगहों पर जारी है छोपेमार की कार्यवाही. नक्सल मामले से जुड़े हुए दो लोगों के घर मे एनआईए ने छापा मारा है. इन दोनों को पुलिस ने नक्सलियों से जुड़े केस में गिरफ्तार किया था. अब एनआईए की टीम इनके खिलाफ जांच करने पहुंची है. एनआईए की टीम सुबह से दोनों के घर मे छानबीन कर रही है. जिसमें एक को 25 सितंबर के दिन स्थानीय पुलिस ने नक्सल मामले में गिरफ्तार किया था. उसके बाद एनआईए की टीम लगातार पूछताछ कर रही थी.

गुरुवार सुबह एनआईए की टीम जिला मुख्यालय स्थित मंतोष मंडल व एक अन्य महिला के घर दबिश देने पहुंच गई थी. टीम के साथ स्थानीय पुलिस की एक टीम भी मौजूद थी जो घर के बाहर तैनात की गई थी. मंतोष मंडल जिसे स्थानीय पुलिस ने 25 सितंबर को जिले के भेज्जी इलाके से गिरफ्तार किया गया था. मंतोष मंडल पर नक्सली का सहयोगी व शहरी नेटवर्क का आरोप लगा था. वहींएनआईए की टीम घर मे छापा मार कर जांच कर रही है. टीम पिछले 15 दिनों से जिला मुख्यालय में थी. हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नही हुई है. राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने सितंबर 2024 में भी छत्?तीसगढ़ में छापेमार कार्रवाई की थी. एनआईए की टीम ने कांकेर जिले के आमाबेड़ा थाना क्षेत्र के उसेली गांव में एक पत्रकार के घर पर छापा मारा था. यहां बड़ी संख्या में मौके पर अधिकारी पूछताछ की गई थी।

## नशे में धूत होकर घर के बाहर खुले में सो गया था युवक, ठंड से हो गई मौत



**बलरामपुर,** 12 दिसंबर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ में ठंड का प्रकोप लगातार बढ़ता ही जा रहा है, शाम होते ही लोग घरों से बाहर निकलने में कतराने लगे है। वहीं ठंड से एक व्यत्कि की जान जाने का मामला बलरामपुर जिले से सामने आ रहा है, यहां पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने आए पंडों जनजाति के युवक की घर के बाहर लाश मिली है। मृतक ने केवल बनियान और गमछा पहना हुआ है। वहीं ठंड की वजह से मौत होने की आशंका जताई जा रही है। घटना चलगली थाना के ग्राम धढिया की है।

जानकारी के अनुसार वाड्रफनगर के ग्राम अलका का रहने वाला पंडो जनजाति का युवक राजेंद्र कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचा था, जिसकी लाश आज घर के बाहर सड़क किनारे मिली है। चलगली थाना प्रभारी बृजलाल भारद्वाज ने बताया कि घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पुलिस पहुंच रही है। घटना कैसे घटित हुई, यह अभी कहना मुश्किल है। शव का पोस्टमॉर्टेम होने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो पाएगा।

## विपक्ष के हंगामे से स्थगित हुई लोकसभा

**नई दिल्ली,** 12 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। संसद के दोनों सदनों में आज भी जोरदार हंगामे हुआ। लोकसभा में अदाणी मुद्दा और कांग्रेस-सोरोस के कथित लिंक के आरोपों के अलावा ज्योतिरादित्य सिंधिया पर की गई विवादित टिप्पणी को लेकर हंगामा हुआ तो राज्यसभा में सोरोस मुद्दे के अलावा जगदीप धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का मामला गूंज सकता है।

**भाजपा सासदं ने कांग्रेस से पूछे 10 सवाल**

भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कांग्रेस और राहुल गांधी से 10 सवाल पूछे, जिनमें उन्होंने पूछा कि कश्मीर को अलग देश मानने वाले संगठन के साथ राहुल गांधी के क्या संबंध हैं। सोनिया गांधी और जॉर्ज सोरोस का क्या संबंध है। कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे। राहुल गांधी, सैम पित्रोदा और जॉर्ज सोरोस का क्या संबंध है। सोरोस और गांधी परिवार का संबंध क्या है। राजीव गांधी फाउंडेशन को सबसे ज्यादा पैसा सोरोस ने दिया। राजीव गांधी फाउंडेशन के साथ सोरोस का रिश्ता क्या है। सोरोस ने कई फंड बनाए, वो सारे कांग्रेस के 300 लोगों को इन फंड से पैसा दिया है। भारत जोड़ो यात्रा में कांग्रेस ने कितना पैसा खर्च किया और सोरोस फाउंडेशन ने उसमें कितना पैसा दिया। इसके बाद सदन में हंगामा शुरू हो गया और सदन की कार्यवाही दोपहर एक बजे तक स्थगित कर दी गई। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा, %कल सदन में जो कुछ भी हुआ वह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण था और किसी भी सम्मानित सदस्य, खासकर महिलाओं पर कोई टिप्पणी नहीं की जानी चाहिए। यह सदन की गरिमा के अनुरूप नहीं है। मैं सम्मानित सदस्यों से अनुरोध करूंगा कि वे अपने भाषणों में किसी भी जाति, समाज, महिला, पुरुष आदि पर व्यक्तिगत टिप्पणी करने से बचें। माननीय सदस्य (कल्याण बनर्जी) ने सदन में इसके लिए माफी भी मांगी है.

## दुर्घटनाग्रस्त वाहन में मिला 35 लाख का गांजा



- **आरोपी तस्कर ने दुर्घटना के बाद 63 पैकेट गांजा को छुपाया था झाड़ियों में गाड़ी से मिला 4 पैकेट गांजा**

**धमतरी,** 12 दिसम्बर (हाईवे चैनल)। थाना केरेगांव को यह सूचना मिली की ग्राम माड़मसिल्ली सियारीनाला पुलिया के पास एक वाहन एक्सीडेंट होकर पलट गया है जिसकी की सूचना पर तत्काल पुलिस मौके पर पहुंची। जहां पर पुलिया के नीचे एक वाहन महिन्द्रा कंपनी का एक्सयूवी 500 क्रमांक एचआर 26 बीयू 9823 गिरा पड़ा था जिसके पास एक व्यक्ति प्रदीप कुमार पिता सुभाषचन्द्र 31 वर्ष निवासी ग्राम कानो थाना अग्रोहा जिला हिसार (हरियाणा) खड़ा था। एक्सीडेंट हुये वाहन की तलाशी लेने पर उसमें 4 पैकेट गांजा मिला जिसके बाद आरोपी को कड़ाई से पूछताछ करने पर बताया कि और गांजा का पैकेट नाला में झाड़ियों के बीच में छुपा कर रखा है। जिसके बाद झाड़ी के पास जाकर तलाशी लिया गया जहां पर 63 पैकेट गांजा मिला। जिसका कुल 67 पैकेट गांजा का वजन 349.120 किलो ग्राम कीमती 34,91,200 रूपये को जप्त कर थाना केरेगांव द्वारा आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर धारा 20 (बी) एनडीपीएस. एक्ट 1985 के तहत वैधानिक कार्यवाही की गई। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी केरेगांव प्रदीप सिंह, प्रधान आरक्षक डिकेश कुमार सिन्हा, हेमराज ध्रुव, आरक्षक शक्ति सोरी, गणेश नेताम, जितेन्द्र ठाकुर का योगदान रहा है।

## लोहारीडीह कांडः दोबारा पीएम करने कब्र से निकाली जा रही शिव प्रसाद की लाश



**23 लोगों को कोर्ट से मिली जमानत**

**कवर्धा,** 12 दिसंबर (हाईवे चैनल)। कबीरधाम जिले के बहुचर्चित लोहारीडीह कांड में बड़ा अपटेड आया है. मृतक शिव प्रसाद साहू की बेटी ने दोबारा पीएम कराने याचिका लगाई थी. मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने मामले को गंभीरता से लेते हुए दोबारा पीएम करने का आदेश दिया था. अब कब्र खोदकर शिव प्रसाद साहू की लाश को बाहर निकाली जा रही है. वहीं 23 लोगों को कोर्ट ने जमानत दे दी है.

बता दें कि हत्या के आरोप में पुलिस ने 166 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था, जिसमें 33 महिला सहित 69 लोगो को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था. वहीं हत्या के शक में बंद विचाराधीन कैदी प्रशांत साहू की जेल में मौत हो गई थी. रेंगाखार थाने में इन सभी के खिलाफ अलग-अलग कुल पांच मामले पर एफआईआर दर्ज की गई थी, जिसमें ग्रामीणों ने आवेदन दी थी. 23 लोग निर्दोष हैं. उनको भी सलाखों के भीतर रखा गया, इस पर कबीरधाम पुलिस ने एसआईटी टीम गठित की थी, जिसमें इन 23 लोगो के खिलाफ पुलिस कोई सबूत नहीं जुटा पाई थी. इसके चलते इन लोगों के खिलाफ दर्ज चार एफआईआर को समाप्त कर दिए गए हैं. एक मामला दर्ज है, जिसमें पुलिस के साथ लोहारीडीह कांड में बदसलूकी और मारपीट का मामला अभी भी चल रहा है, लेकिन पुलिस साथ मारपीट, पथराव करने के आरोप में अभी भी मामला दर्ज है. इस मामले में अदालत ने 23 अरोपियों को कल देर शाम 84 दिन बाद जमानत दी है।

## रायपुर की श्वेता दीवान बनीं सीजी सिविल जज परीक्षा की टॉपर

**डिलिवरी के बाद बच्चे की देखभाल करते हुए हासिल की सफलता, पति और परिवार को दिया श्रेय**



**रायपुर,** 12 दिसंबर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ सिविल जज परीक्षा 2023 का परिणाम बुधवार देर रात जारी हो गया। यह परीक्षा छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की ओर से आयोजित की गई थी। कुल 49 पदों के लिए हुई इस परीक्षा के इंटरव्यू राउंड तक 150 अभ्यर्थी पहुंचे थे। इस परीक्षा में राजधानी रायपुर की बेटी श्वेता दीवान ने टॉप कर शहर और अपने परिवार का नाम रोशन किया है।

श्वेता की इस सफलता पर अपनी उपलब्धि के पीछे कड़ी मेहनत और परिवार के सपोर्ट को सबसे महत्वपूर्ण बताया। श्वेता दीवान ने बातचीत में अपनी सफलता को लेकर बताया कि मुझे बेहद खुशी हो रही है और मुझे उम्मीद भी थी कि इस बार मेरा चयन हो जाएगा। हालांकि, अब पहला रैंक आने पर वह खुशी दुगुनी हो गई है। श्वेता ने अपनी सफलता के लिए अपने पति के साथ-साथ अपने माता-पिता और भाई को श्रेय दिया। उन्होंने बताया, मेरा एक 17 महीने का बच्चा भी है, जिसकी पूरे परिवार ने मिलकर देखभाल की। साथ ही मेरी सास और ननंद ने भी हमेशा मुझे आशीर्वाद दिया, इसलिए मैं सबको अपने परिवार को ही श्रेय देना चाहूंगी।

श्वेता ने आगे बताया, यह मेरा सेकेंड अटेम्प्ट था, फर्स्ट अटेम्प्ट में बहुत भीषण परिस्थितियां थीं। मेरी डिलिवरी होने वाली थी और बस मेंस के दिन ही मेरी डिलिवरी की डेट थी, जिसके चलते मैंने उसे प्री-डिलिवर किया था। उस समय मैं इंटरव्यू तक गई, पर कामयाब नहीं हो पाई। हताश जरूर हुई, पर हताश होना नहीं चाहिए। हमें निरंतर मेहनत करनी चाहिए। उस दिन मेरी असफलता हुई, दूसरे दिन से मैंने ठान लिया कि इस बार तो मुझे निकलना है। श्वेता ने कहा कि मैं बस यही सलाह दूंगी कि आप हर चीज़ को अपने परिवार को समझाइए, उनका सपोर्ट लीजिए। परिवार ही सबसे बड़ी शक्ति होती है।




चूहा- सुनती हो, अब विधायकों का दैनिक भत्ता बढ़ाया जा रहा है।

चुहिया- हां जी, लेकिन विधायको-मंत्रियों को भत्ते की जरूरत ही क्या है?

CMYK